निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मॉर्निंग विजिट में बैकुंठ धाम के अंदरूनी बस्तियों का किया निरीक्षण, आयुक्त का पहला दौरा, सफाई के लिए रोस्टर बनाने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने चार्ज लेते ही सुबह-सुबह शहर का दौरा करना प्रारंभ कर दिया है। भिलाई निगम क्षेत्र में आज आयुक्त ने पहला दौरा बैकुंठ धाम के घनी बस्तियों का किया। इस दौरान उन्होंने सफाई की व्यवस्था देखी। एक-दो स्थानों पर उन्हें खुले में कचरे का ढेर मिला , जिसे उन्होंने हटाने के निर्देश मौके पर अधिकारियों को दिए। वही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले वाहनों में स्वच्छता से संबंधित ध्वनि और सिटी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई के लिए रोस्टर तैयार करें , नालियों की सफाई निरंतरता में हो ताकि जलजमाव की स्थिति न बने। इस दौरान उन्होंने स्थानीय रहवासियों से भी सफाई को लेकर फीडबैक लिया तथा स्वच्छता बनाए रखने कहा। प्रत्येक दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने भी उन्होंने दुकान मालिकों से कहा। कचरा को नाली एवं खुले स्थान में न फेंकने के बजाय स्वच्छता वाली वाहन को कचरा देने उन्होंने कहा। सड़क बाधा कर मलबा बिखेरने पर उन्होंने उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तालाब सफाई तथा इसके सौंदर्यीकरण को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , मदर टैरेसा नगर के जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।